# राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

क्रमांक : राऋभमवि / अल / परीक्षा / 2024 / 81 दिनांक : 05/04/2024

**बी.एड़, बी.एड. (स्पेशल), बी.ए.–बी.एड. / बी.एससी.–बी.एड. एवं एम.एड. परीक्षा–2024 के परीक्षा फार्म भरवाने सम्बन्धी विज्ञप्ति**

राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय से सम्बद्वता प्राप्त अलवर जिले के समस्त बी.एड़, बी.एड. (स्पेशल), बी.ए.–बी.एड. / बी.एससी.–बी.एड. एवं एम.एड. परीक्षा–2024 पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके परीक्षा–2024 के ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म वेबसाईट www.univindia.org से भरने की तिथियां निम्नानुसार हैं –

| Name of Exam | Without late fee | With late fee of Rs. 100/- | With late fee of Rs. 500/- | With late fee of Rs. 1000/- |
|---|---|---|---|---|
| B.Ed. Part.-I & II<br>B.Ed. (Special) Part.-I & II<br>B.A.-B.Ed. Part-I to IV<br>B.Sc.-B.Ed. Part-I to IV<br>M.Ed. Part-I & II | 12-04-2024 to 25-04-2024 | 26-04-2024 to 30-04-2024 | 01-05-2024 to 05-05-2024 | Upto 10 days before the commencement of exam |

परीक्षा आवेदन–पत्र भरने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश, परीक्षा शुल्क का विवरण की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.rrbmuniv.ac.in एवं www.univindia.org पर उपलब्ध है।

## सामान्य निर्देश

1. **सभी परीक्षार्थियों को आवेदन पत्र भरने हेतु ABC ID आवश्यक है।** अतः विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर स्वयं का मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई.डी., आधार नम्बर व ABC ID दर्ज करें।
2. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में निर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा फार्म दिशा–निर्देशों का अवलोकन कर सावधानी पूर्वक भरें।
3. महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फार्म अग्रेषित करने सम्बन्धी प्रक्रिया हेतु दिशा–निर्देश देखें।
4. परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा फार्मो को स्वीकार नहीं किया जायेगा। अतः निर्धारित समय में सम्बन्धित महाविद्यालय में ही परीक्षा फार्म जमा करायें। महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित परीक्षा फार्म ही स्वीकार होंगे।
5. परीक्षार्थी आवेदन पत्र निर्देशों को भली–भांति पढकर ही भरें। यदि परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र विश्वविद्यालय के निर्देशों के अनुसार नहीं भरा जाता है तो आवेदन पत्र/परीक्षा निरस्त होने के लिए परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

नोट :– छात्र सुविधा हेतु हेल्पलाईन नम्बर 6367513624 पर सम्पर्क कर सकते है।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : रात्रऋभमवि / अल / परीक्षा / 2024 / 82 दिनांक : 05/04/2024

**<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–</u>**

1. (i) समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि नियमित, पूर्वछात्र परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म सही है एवं दो प्रतियों मे परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी वांछित दस्तावेजों के साथ संलग्न है।
2. निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण दिशा–निर्देश में अंकित है जो विश्वविद्यालय वेबसाईट www.rrbmuniv.ac.in एवं www.univindia.org पर उपलब्ध है। **<u>विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार में कृपया महाविद्यालय कोड़ एवं सम्पर्क सूत्र (मोबाईल एवं ई–मेल) आवश्यक रूप से अंकित करें।</u>**

   (ii) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा उपरोक्त पाठ्यक्रमों हेतु आवंटित सीटों एवं आंवटित विषयों के अनुसार ही नियमित छात्रों से फॉर्म भरवाए गए है इस आशय का शपथ–पत्र संबंधित प्राचार्यो द्वारा परीक्षा फार्मों के साथ संलग्न करना होगा।

   (iii) सम्बन्धित महाविद्यालय, परीक्षा आवेदन– पत्र अग्रेषित करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी उस कक्षा की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन–पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियाँ पूर्ण रूप से सही भरी जा चुकी है। यदि आवेदन–पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे– परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, पूर्व में उत्तीर्ण किए गए अनिवार्य विषयों के नाम, प्राप्त अंकों का विवरण, पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षार्थी के नामांकन आदि नहीं पाये जाते हैं तो उन्हें परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करवाने के पश्चात ही परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित करें। महाविद्यालय द्वारा यह ध्यान रखा जाना है कि आवेदन–पत्र की कम्प्यूटर प्रति ऊपर रखें तथा उसके नीचे कार्यालय प्रति मय पूर्व में उत्तीर्ण आवश्यक अंकतालिकाएँ आदि संलग्न हो। उपरोक्त कारणों से परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त होने की स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालय ही जिम्मेवार होगा।
3. प्रभारी अधिकारी, सूचना प्रौद्योगिकी, राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
4. वित्त नियंत्रक, राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करें कि परीक्षा–2024 हेतु बैंक गेटवे द्वारा जमा की गई परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconcile करने का श्रम करें।
5. मीडिया प्रभारी, राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में प्रसारित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका व दैनिक भास्कर) में एक बार प्रकाशित करवाने एवं समाचार के रूप में भी प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
6. प्रबन्धक, आई.सी.आई.सी.आई.बैंक, अलवर।
7. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय / कुल सचिव, राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर।
8. समस्त अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग / शैक्षणिक– द्वितीय / सेलर–I, परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर।
9. सम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म।

**परीक्षा नियंत्रक**

राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

क्रमांक : राऋभमवि / अल / परीक्षा / 2024 / 83 दिनांक : 05/04/2024

**बी.एड़, बी.ए–बी.एड. / बी.एस.सी.–बी.एड़ एवं एम.एड. परीक्षा–2024 के परीक्षा फार्म भरवाने सम्बन्धी दिशा–निर्देश**

**ऑनलाईन परीक्षा शुल्क एवं आवेदन–पत्र**

(अ) सर्वप्रथम छात्र वेबसाईट www.univindia.org पर संबंधित कक्षा की श्रेणी (यथा नियमित / पूर्व छात्र / बकाया प्रश्न पत्र) का चयन कर अध्ययन किए गए विषयों का चयन करते हुए परीक्षा फॉर्म भरेंगे।

(ब) फॉर्म ऑनलाईन पूर्ण भरने के पश्चात भरे गए फॉर्म के आधार पर विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ही शुल्क का निर्धारण होगा। इस चरण में फॉर्म प्रिंट नहीं होगा केवल फीस निर्धारित होगी। निर्धारित परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में निर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से नेट बैकिंग / डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड आदि से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा शुल्क जमा होने के बाद परीक्षा फॉर्म का प्रिंट (दो प्रतियों में) ले सकेंगे।

(स) शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई / आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क की छूट है। इस संबंध में कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र जो कि राजकीय मेडीकल ऑफीसर से प्रति हस्ताक्षरित हो आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक हैं अन्य निर्धारित शुल्क देय होगा।

(द) दो प्रतियों में परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी पर यथा स्थान हस्ताक्षर कर मय आवश्यक दस्तावेजों, पूर्व में उत्तीर्ण अंकतालिकाओं आदि के साथ अगले दो कार्य दिवसों में परीक्षा फॉर्म पर अंकित संबंधित महाविद्यालय में जमा करवाना होगा।

**परीक्षार्थी ध्यान रखें :–**

(अ) यदि परीक्षा फॉर्म में छपी हुई कोई भी सूचना सही नहीं है या आपके विवरण से मेल नहीं खाती है तो इसे निरस्त मान कर प्रारम्भ से नया परीक्षा फॉर्म भरें।

(ब) परीक्षा फॉर्म में मुद्रित सभी सूचनाऐं सही होने पर ही भुगतान की प्रक्रिया हेतु आगे बढ़े।

(स) एक बार परीक्षा शुल्क जमा करवाने के पश्चात शुल्क वापस नहीं होगा।

1. राजस्थान विश्वविद्यालय अधिनियम–323 जो इस विश्वविद्यालय पर भी समान रूप से लागू है, के अनुसार बी.एड़ के नियमित परीक्षार्थीयों All Cource Work & Practicum में 80% तथा School internship में 90% उपस्थिति अनिवार्य है। इससे कम उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों की सम्बन्धित महाविद्यालय से प्राप्त सूची के आधार पर वे नियमित परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित नही हो सकेगें। सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य उक्तानुसार कम उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों की सूची सत्र 2023–24 पूर्ण होने के पश्चात् रूपये 50 / – के स्टाम्प पेपर पर निम्न प्रोफार्मा में विश्वविद्यालय को भेजेगें।

**शपथ पत्र**

**मैं.............................प्राचार्य ........................कॉलेज कोड नं....................शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि महाविद्यालय में सभी छात्रों का प्रवेश PTET-2024 की सूची के अनुसार ही किया गया है तथा निम्न विद्यार्थियों के अतिरिक्त सभी ने बी.एड पार्ट प्रथम एवं द्वितीय परीक्षा –2024 के लिए नियमानुसार All Cource Work & Practicum मे 80% तथा School Intership में 90% उपस्थिति पूर्ण कर ली है :–**

| क्र.सं. | परीक्षा फार्म संख्या | छात्र का नाम | पिता का नाम | कुल कार्य दिवस | उपस्थिति दिवस | उपस्थिति का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

प्राचार्य

2. बी.ए–बी.एड./बी.एस.सी.–बी.एड़ के छात्र–छात्राओं के संदर्भ में उनकी उपस्थिति का ब्यौरा भी उक्त सारिणी अनुसार सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य प्रस्तुत करेंगें।
3. राजस्थान विश्वविद्यालय अधिनियम–182 जो इस विश्वविद्यालय पर भी समान रूप से लागू है, के अनुसार परीक्षा शुल्क एक बार जमा होने के उपरान्त लौटाया नहीं जावेगा।
4. राजस्थान विश्वविद्यालय अधिनियम–168–ए व बी जो इस विश्वविद्यालय पर भी समान रूप से लागू है, के प्रावधानों के अनुसार छात्र एक वर्ष में दो डिग्रियों की परीक्षा नहीं दे सकते है अन्यथा परीक्षार्थी की दोनों परीक्षाएं निरस्त करने का प्रावधान है।
5. राजस्थान विश्वविद्यालय अधिनियम–169–H जो इस विश्वविद्यालय पर भी समान रूप से लागू है, के अनुसार परीक्षा परिणाम घोषित होने/अंकतालिका जारी होने के पश्चात यदि किसी प्रकार की गलती संज्ञान में आती है, तो परीक्षा परिणाम/ अंकतालिका में आवश्यक संशोधन करने का अधिकार विश्वविद्यालय को है।
6. **महाविद्यालय कॉलेज पैनल के माध्यम से अध्ययनरत सभी छात्रों का विवरण प्रविष्ठ कर रजिस्ट्रेशन नम्बर जारी करें एवं अपने महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को उनके रजिस्ट्रेशन नम्बर से अवगत करावें। आपके द्वारा रजिस्ट्रेशन नम्बर जारी करने के पश्चात् ही छात्र अपना परीक्षा आवेदन कर सकेंगें।**
7. **विश्वविद्यालय परीक्षा–2023 में प्रविष्ठ हो चुके छात्रों के परीक्षा फॉर्म महाविद्यालय द्वारा जारी रजिस्ट्रेशन नम्बर से भरे जाऐंगे। इस फॉर्म की जाँच कर लें। इस फॉर्म में अपना ई–मेल आई. डी. मोबाईल नम्बर एवं घर के पते में यदि कोई परिवर्तन हो तो परीक्षार्थियों के लिए संशोधन करने की सुविधा उपलब्ध होगी।**
8. **विश्वविद्यालय में पहली बार नामांकित होने वाले फ्रेश परीक्षार्थी के परीक्षा फॉर्म महाविद्यालय द्वारा जारी रजिस्ट्रेशन नम्बर से भरे जाऐंगे। सम्बन्धित कक्षा का चयन करने के पश्चात जो आवेदन –पत्र खुलता है उसमें सभी प्रविष्ठियों को अपने स्तर पर भरकर एवं जॉच लें तथा तकनीकी विधि से अपना फोटो एवं हस्ताक्षर स्केन कर परीक्षा आवेदन– पत्र के निर्धारित स्थान पर अपलोड करें । ध्यान रहें अपना, पिता व माता का नाम वही भरें जैसा कि बोर्ड/विश्वविद्यालय की पूर्व में उत्तीर्ण परीक्षा की अंकतालिका में अंकित है।**
9. **सम्बन्धित महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी ध्यान रखें कि चयनित शैक्षणिक विषयों का एक बार चयन कर ऑनलाईन शुल्क जमा करवाने के पश्चात बाद में किसी भी परिस्थिति में बदलाव संभव नहीं होगा।**
10. बी.एड., बी.ए.–बी.एड, बी.एस.सी–बी.एड भाग प्रथम के परीक्षा आवदेन पत्र के साथ 10+2+3 की अंकतालिकाएं, पी.टी.ई.टी. 2024 का आवंटन पत्र एवं प्रवेश की रसीद, आरक्षित वर्ग से संबंधित प्रमाण पत्र आदि की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
11. अपरिहार्य दस्तावेज संलग्न न करने की अवस्था में संबंधित छात्र/छात्रा का परीक्षा फार्म स्वतः ही निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी केवल महाविद्यालय की होगी।
12. बी.ए–बी.एड./बी.एस.सी.–बी.एड़ पार्ट द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ के परीक्षा आवेदन पत्र के साथ पार्ट–प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय (पूर्व की समस्त कक्षाओं) की अंकतालिका तथा बी.एड भाग द्वितीय के परीक्षा आवेदन पत्र के साथ बी.एड. पार्ट–प्रथम एवं स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकतालिकाएं संलग्न करें।
13. ऐसे छात्र जो बी.एड भाग प्रथम के तीन विषयों तक (अनिवार्य/ऐच्छिक विषय/प्रायोगिक) विषयों में अनुत्तीर्ण हैं वे बी.एड भाग द्वितीय की परीक्षा के साथ प्रविष्ट होगें।
14. ऐसे छात्र जो बी.एड भाग प्रथम एवं द्वितीय के तीन विषयों से अधिक (अनिवार्य/ऐच्छिक विषय/प्रायोगिक) विषयों में अनुत्तीर्ण हैं वे बी.एड भाग प्रथम एवं द्वितीय के प्रायोगिक सहित

सभी विषयों में पूर्व छात्र के रूप में प्रविष्ठ होगें। साथ ही जो छात्र आंतरिक मूल्यांकन में अनुपस्थित रहें है उन्हें भी आंतरिक एवं सैद्धान्तिक दोनों में प्रविष्ट होना अनिवार्य है।

15. ऐसे छात्र जो बी.एड भाग द्वितीय के तीन विषयों तक (अनिवार्य/ऐच्छिक विषय/प्रायोगिक) में अनुत्तीर्ण है वे उन विषयों की परीक्षा पूर्व छात्र के रूप में बी.एड भाग द्वितीय की परीक्षा में प्रविष्ट होंगें।

16. ऐसे छात्र जिनकी गत वर्ष उपस्थिति पूर्ण नहीं थी अर्थात जिनकी (Short Attendance) थी वे छात्र परीक्षा आवेदन पत्र भरने के पात्र नही है। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य भी यह सुनिश्चित करें कि ऐसे छात्रों के परीक्षा फॉर्म न तो स्वीकार करें अथवा ना ही विश्वविद्यालय को अग्रेषित करें अन्यथा महाविद्यालय के विरूद्ध नियमान्तर्गत आवश्यक दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

17. विश्वविद्यालय नियमानुसार बी.एड परीक्षार्थियों जिस सत्र में नियमित रूप से अध्ययनरत रहे हैं उन्हे उसी सत्र में इन्टर्नशिप पूर्ण करना आवश्यक है। अतः ऐसे पूर्व परीक्षार्थियों जिन्होने नियमित छात्र–छात्रा रहते हुए इन्टर्नशिप पूर्ण नहीं की है, ऐसे छात्र परीक्षा आवेदन हेतु पात्र नहीं है। अतः महाविद्यालय यह सुनिश्चित कर लें कि सुपात्र परीक्षार्थी के आवेदन पत्र ही विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करें।

18. परीक्षा फॉर्म जमा करने सम्बन्धी निर्देश :–

(अ) नियमित परीक्षार्थी अपने परीक्षा फॉर्म आवश्यक दस्तावेजों सहित सम्बन्धित महाविद्यालय जिसके वे नियमित परीक्षार्थी हैं वहां पर जमा करवायें।

(ब) पूर्व परीक्षार्थी (Ex-Student)/बकाया प्रश्न–पत्र (Due Paper) परीक्षार्थी परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी उसी महाविद्यालय में जमा करवायें, जिस महाविद्यालय से वे नियमित परीक्षार्थी के रूप में अनुत्तीर्ण हुए थे।

19. परीक्षार्थी परीक्षा फार्म को सावधानी पूर्वक भरें। परीक्षा आवेदन पत्र में किसी प्रकार की गलती (जैसे–नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, एनरोलमेन्ट नं. इत्यादि) होने पर परीक्षा आवेदन पत्र को ऑनलाईन वैरिफाई होने से पूर्व संशोधन के प्रयोजनार्थ निर्धारित शुल्क विश्वविद्यालय मे जमा कराने पर सुधार संभव होगा।

20. परीक्षार्थी ध्यान रखें कि विश्वविद्यालय में डाक द्वारा प्राप्त परीक्षा फॉर्मो पर विचार नहीं किया जाएगा। अतः ऐसे परीक्षा फॉर्म स्वतः ही निरस्त समझे जाएंगे।

21. ऐसे छात्र जिन्होंने अपनी परीक्षा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर से उत्तीर्ण की है वे अपनी अंकतालिका की सत्यापित कॉपी ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी के साथ संलग्न करें।

22. जो छात्र पूर्व में ही विश्वविद्यालय में नामांकित हैं अर्थात स्नातक एवं स्नातकोत्तर उत्तीर्ण कक्षा की अंकतालिका की सत्यापित फोटो प्रति परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

23. परीक्षार्थी को विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित परीक्षा केन्द्र की सूचना उनके परीक्षा प्रवेश–पत्र में उपलब्ध करायी जायेगी।

24. ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात निर्धारित समय सीमा में परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी संबंधित महाविद्यालय में जमा नहीं कराते हैं, उन्हें सिर्फ परीक्षा शुल्क जमा कराने के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित होने की स्वीकृति नहीं दी जाएगी।

25. संबंधित महाविद्यालय, परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेगे कि परीक्षार्थी का नामांकन हो गया है। उस कक्षा की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन–पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियॉ पूर्ण रूप से भरी जा चुकी है। यदि आवेदन–पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे– परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, पूर्व में उत्तीर्ण किए गये प्रश्न–पत्रों के नाम, पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षार्थी के नामांकन आदि नही पायें जाते है तो उन्हे परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करवाने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित करें। महाविद्यालय

द्वारा यह ध्यान रखा जाना है कि आवेदन–पत्र की कम्प्यूटर प्रति अलग रखें, तथा हार्ड प्रति के साथ मय आवश्यक अंकतालिकाएँ आदि संलग्न हो।

26. **संबंधित महाविद्यालय यह सुनिश्चित करें कि :–**

1. प्रत्येक बी.एड छात्र अपना परीक्षा आवेदन फार्म पूर्णतः सही एवं स्पष्टतः भरें।
2. चूंकि School Internship उपस्थिति का पार्ट है अतः प्रत्येक बी.एड छात्र नियमित अध्ययनरत रहते हुए अपनी इन्टर्नशिप समय पर पूर्ण करें। **पूर्व छात्र के रूप में इन्टर्नशिप पूर्ण नही की जा सकती है।**
3. प्रत्येक बी.एड छात्र Course work एवं School internship में नियमित रहें तथा समय पर इन्टर्नशिप पूर्ण करें।
4. प्रत्येक आवेदन फार्म के साथ सभी अर्हकारी परीक्षाओं (यथा 10+2+3/10+2 एवं अध्ययनरत सम्बन्धित पाठ्यक्रम की पूर्व कक्षाओं पार्ट–I/II/III जो भी लागू हो) की अंकतालिकाओं की छायाप्रतियां ही संलग्न करें। इन्टरनेट द्वारा डाउनलोड की हुई अंकतालिका मान्य नही है।
5. विश्वविद्यालय नियमानुसार **प्रवेश की तिथि से 03 वर्ष के भीतर ही बी.एड. पाठ्यक्रम पूर्ण किया जा सकता है।** ऐसी समयावधि पूर्ण होने की स्थिति में किसी भी छात्र का परीक्षा आवेदन पत्र न तो स्वीकार करें ना ही विश्वविद्यालय को अग्रेषित करें अन्यथा महाविद्यालय के विरूद्ध नियमान्तर्गत दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
6. महाविद्यालय द्वारा इस विज्ञप्ति में जारी किये गये निर्देशों का पालन ना करने पर विश्वविद्यालय द्वारा इसे गंभीरता से लिया जाएगा। तथा महाविद्यालयों पर प्रशासनिक शास्ति लगाई जा सकती है।

27. **महाविद्यालय द्वारा वेबसाईट पर पंजीयन तथा परीक्षा फॉर्म जमा कर अग्रेषित करने की प्रक्रिया :–**
नियमित एवं पूर्व छात्र ऑनलाईन शुल्क जमा करवाकर दो प्रतियों में परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी मय आवश्यक दस्तावेज के संबंधित महाविद्यालय (जो परीक्षा फॉर्म पर मुद्रित हैं) में जमा करवायेंगे। संबंधित महाविद्यालय परीक्षा फॉर्मों को निम्नानुसार कक्षावार व्यवस्थित कर निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय को सुपुर्द करेंगे :–

(A) **नियमित एवं पूर्व छात्र परीक्षार्थी :–**

(अ) सर्वप्रथम सभी महाविद्यालय उनको आवांटित महाविद्यालय कोड से वेबसाईट www.univindia.org के कॉलेज पोर्टल पर अपना ई–मेल आई.डी. एवं मोबाईल नम्बर का रजिस्ट्रेशन करवायेगें। महाविद्यालय अपना नया पासवर्ड बदलने के ऑप्शन पर अपना नया पासवर्ड उसी वेबसाईट पर अपने स्तर पर बदल सकेंगे।

(ब) आनॅलाईन गेटवे द्वारा जमा शुल्क के साथ प्राप्त परीक्षा फॉर्मों की हार्ड कॉपी को कक्षा एवं श्रेणीवार उसी वेबसाईट के कॉलेज पोर्टल पर प्रतिदिन प्रत्येक छात्र के फॉर्म को Verify बटन पर Verify करें। संबंधित कक्षा के सभी फॉर्म Verify होने के पश्चात प्रिंट ऑप्सन पर जाकर Student list का प्रिंट लें। तत्पश्चात Student list के क्रम के अनुसार ही परीक्षा फॉर्मों को व्यवस्थित कर Student list के साथ विश्वविद्यालय में स्वयं जमा करवायें।

(स) महाविद्यालय ध्यान रखे – उक्त प्रक्रिया के अभाव में परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किये जा सकेंगे।

(B) सम्बन्धित महाविद्यालय सुनिश्चित रहें कि पूर्व परीक्षार्थियों (Ex-Student) के परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी उसी महाविद्यालय में जमा करें, जिस महाविद्यालय से वे नियमित परीक्षार्थी के रूप में अनुत्तीर्ण हुए थे।

(C) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा बी.ए.–बी.एड., बी. एससी.–बी.एड. एव बी.एड. पार्ट–I कक्षाओं हेतु आवंटित सीटों एवं नियमान्तर्गत आवंटित विषयों के अनुसार ही नियमित/पूर्व छात्रों से परीक्षा फॉर्म भरवाये गये है, इस आश्य का शपथ–पत्र संबंधित प्राचार्यों द्वारा परीक्षा फॉर्मों के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। शपथ पत्र के अभाव में परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होंगे।

(D) ऑनलाईन गेटवे के माध्यम से जमा शुल्क के परीक्षा फॉर्मों को ही स्वीकार करें। अन्य किसी माध्यम से जमा शुल्क के परीक्षा फॉर्मों को स्वीकार नहीं करें। यह जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी।

महाविद्यालय में नियमित एवं पूर्व परीक्षार्थी के ऑनलाईन गेटवे द्वारा जमा परीक्षा शुल्क के पश्चात संकलित परीक्षा फॉर्मों की हार्ड कॉपी दो प्रतियों में मय दस्तावेज दिशा–निर्देश में वर्णित प्रक्रिया के अनुसार परीक्षा फॉर्मों को व्यवस्थित कर अनिवार्य रूप से परीक्षा फॉर्म निर्धारित तिथि तक महाविद्यालय को ही विश्वविद्यालय में जमा कराना होगा। जिसका यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

28. नियमित छात्र एवं बकाया प्रश्न–पत्र परीक्षा 2024 के लिए शुल्क संरचना निम्नानुसार है :–

**FEE PAYABLE FOR PROFESSIONAL COURSES EXAM. 2023-24**

| S.N. | Name of Exam | Regular | Due/ExStudent |
|---|---|---|---|
| 1 | B.Ed. Part- I | 3560/- | 4050/- |
| 2 | B.Ed. Part- II | 3820/- | 4310/- |
| 3 | B.Ed. Part- I (One due Paper) | 1790/- | - |
| 4 | B.Ed. Part- I (Two due Paper) | 2660/- | - |
| 5 | B.Ed. Part- I (Three due Paper) | 3560/- | - |
| 6 | Fee for Physically Challanged Students | 660/- | 750/- |
| 7 | B.A./B.Sc. B.Ed. Part-I | 1450/- | 1790/- |
| 8 | B.A./B.Sc.B.Ed. Part-II | 1450/- | 1790/- |
| 9 | B.A./B.Sc.B.Ed. Part-III | 2640/- | 3070/- |
| 10 | B.A./B.Sc.B.Ed. Part-IV | 2640/- | 3070/- |
| 11 | B.A.-B.Ed./B.Sc.-B.Ed.Part-II (with Due Paper of Part.-I) | 2450/- | 2880/- |
| 12 | B.A.-B.Ed./B.Sc.-B.Ed.Part-III (with Due Paper of Part.-I) | 2700/- | 3170/- |
| 13 | B.A.-B.Ed./B.Sc.-B.Ed.Part-III (with Due Paper of Part.-I & II) | 3170/- | 3650/- |
| 14 | B.A.-B.Ed./B.Sc.-B.Ed.Part-IV (with Due Paper of Part.-I) | 2640/- | 3070/- |
| 15 | B.A.-B.Ed./B.Sc.-B.Ed.Part-IV (with Due Paper of Part.-II) | 2700/- | 3170/- |
| 16 | B.A.-B.Ed./B.Sc.-B.Ed.Part-IV (with Due Paper of Part.-I, II & III) | 3230/- | 4770/- |
| 17 | M.Ed. Part-I & II | 6140/- | 6450/- |
| 18 | Fee for Divyang Persons | 660/- | 750/- |
| Enrolment Fees 340/- & Elegibility Fees 340/- | | | |

Enrollment Fee ऐसे प्रत्येक परीक्षार्थी को देय होगी जिसका इस विश्वविद्यालय में प्रथम बार नामांकन होगा।

Eligibility Fee ऐसे प्रत्येक परीक्षार्थी को देय होगी जिसने अर्हयक परीक्षा (Qualifying Exam) माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर/राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर से भिन्न किसी अन्य शिक्षा बोर्ड से/विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है।

In addition to above exam fee Rs. 170/- Per Practical Examination will be charged from the Regular & Ex-Student appearing in Professional Examinations (B.Ed., B.A.-B.Ed./B.Sc.-B.Ed.) for the Session 2023-24

नोट :–

(i) Every regular Student will deposit Development fee of Rs. 50/- and Sports Board fee of Rs. 50/-, in addition to above exam fees.

(ii) शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क में छूट है। इस संबंध में कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र जो कि मेडीकल ऑफीसर से हस्ताक्षरित हो, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। अन्य निर्धारित शुल्क देय होगा।

परीक्षा नियंत्रक